Dainik Jagran, dated 10.11.2020

अंबेडकर विवि की पांचवीं कटऑफ सूची जारी

जागरण संवाददाता नई दिल्ली: अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) ने सोमवार को अपने कर्मपुरा व कश्मीरी गेट परिसरों में संचालित बीए अंग्रेजी, अर्थशास्त्र और बीबीए पाठ्यक्रमों की शेष पांचवीं कटऑफ सूची जारी कर दी। जारी कटऑफ सूची के आधार पर बीए अंग्रेजी ऑनर्स में दाखिले के लिए दिल्ली के छात्रों को बेस्ट फोर में 93 फीसद अंकों की आवश्यकता होगी। इसके साथ ही बीए अर्थशास्त्र ऑनर्स में दिल्ली के छात्रों के लिए 93.75 फीसद अंकों की आवश्यकता है, जबकि इन दोनों पाठ्यक्रमों में दूसरे राज्यों के छात्रों के लिए निर्धारित 15 फीसद सीटें भर चुकी हैं, वहीं बीबीए में दाखिले के लिए दिल्ली के छात्रों को बेस्ट फोर में 92 और दूसरे राज्यों के छात्रों के लिए 93.75 फीसद अंक चाहिए। अन्य पाठ्यक्रमों की पांचवीं कटऑफ सूची के साथ इन विषयों की सूची जारी नहीं की गई थी। छात्र अपने प्रमाणपत्रों को 10 नवंबर तक अपलोड कर सकते हैं। साथ ही फीस जमा करने की अंतिम तिथि 11 नवंबर है। जिन छात्रों के प्रमाणपत्रों का सत्यापन होने के बाद दाखिले का आवेदन स्वीकार हो जाएगा, वे अपनी फीस जमा कर सकेंगे। इसके साथ ही कुछ पाठ्यक्रमों में आरक्षित वर्ग की विभिन्न श्रेणियों की अधिकतर सीटें फुल होने के कारण विद्यार्थियों की उन श्रेणियों और पाठ्यक्रमों में दाखिले की उम्मीद खत्म हो चुकी है। इन पाठ्यक्रमों लिए अलग कटऑफ जारी की है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले विश्वविद्यालय की ओर से जारी पहली, दूसरी, तीसरी और चौथी कटऑफ सूची के आधार पर प्रमुख पाठ्यक्रमों की अधिकतर सीटें भर चुकी हैं।